जनपद हमीरपुर

थाना सुमेरपुर **दिनांक 10.11.2026**

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कुल ₹5,180/- बरामद।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-

दिनांक 09.11.2026 को थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा शामकालीन गश्त एवं भ्रमण के दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत बांकी रोड स्थित पानी की टंकी के आगे मैदान में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

उक्त सूचना पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ के ₹4,120/- एवं जामा तलाशी के ₹1,060/-, कुल ₹5,180/- नगद तथा ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस संबंध में थाना सुमेरपुर पर मु0अ0सं0-374/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम बनाम 06 अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. राजा बाबू पुत्र दुर्जन अहिरवार, निवासी ग्राम पिपरौंदा, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 50 वर्ष।
2. मनोज कुमार पुत्र राधाचरण अवस्थी, निवासी वार्ड नं0 18, रविन्द्रनाथ टैगोर नगर, कस्बा व थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 40 वर्ष।
3. मातादीन पुत्र कढ़ोरीलाल अनुरागी, निवासी ग्राम बपरेथा, थाना चरखारी, जनपद महोबा, हाल पता कांशीराम कॉलोनी, बांकी रोड, कस्बा सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 38 वर्ष।
4. सोनू पुत्र स्व0 रामकृपाल साहू, निवासी वार्ड नं0 18, रामनगर, कस्बा व थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 28 वर्ष।
5. कल्लू उर्फ सुखराम पुत्र शिवचरन प्रजापति, निवासी ग्राम पलरा, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 40 वर्ष।
6. गोरेलाल पुत्र चुन्नूबाद कुशवाहा, निवासी वार्ड नं0 18, रविन्द्रनाथ टैगोर नगर, कस्बा व थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 40 वर्ष।



बरामदगी का विवरण—

- मालफड़ से ₹4,120/- नगद।
- जामा तलाशी से ₹1,060/- नगद।
- ताश के पत्ते।

कुल ₹5,180/- नगद बरामद किए गए।

पुलिस टीम-

उ0नि0 अमोल सिंह व उनकी टीम